# 'अनौपचारिकता के लिए नियोजन' की विडंबना को अपनाना

हम ब्युएनो सायरिस  की सबसे प्रतिष्ठित बस्ती को पुनः डिज़ाइन करने गए और हमने सीखा निवासी-निर्मित बस्तियों को सराहना

नियोजक और शहरी डिजाइनर अक्सर एक असुविधाजनक विरोधाभास का सामना करते हैं: लोग विशेषज्ञों के छोटे समूह द्वारा मास्टर-प्लान किए गए इलाके से ज़्यादा, कई लोगों के योगदान द्वारा संगठित मोहल्लों को पसंद करते हैं। शहर निर्माता स्वाभाविक, सहज और प्रामाणिक जैसे शब्दों का उपयोग तो करना पसंद करते हैं, परन्तु इन्ही गुणों को सीमित करने वाले क्षेत्रों की योजना बनाते हैं। इस विरोधाभास का स्पष्ट तौर पर सामना हमने तब किया जब **गेल**- जहां हम शहरी डिजाइनरों के रूप में काम करते हैं- को ब्युएनो सायरिस की सरकार द्वारा, सेक्रेटरी ऑफ़ सोशल एंड अर्बन इन्क्लूज़न (सामाजिक और शहरी समावेश के सचिव) के नेतृत्व में एक महत्वाकांक्षी योजना के लिए डिजाइन सलाह प्रदान करने का आमंत्रण मिला। यह योजना थी अर्जेंटीना की राजधानी के प्रख्यात निवासी-निर्मित बस्ती के पुनर्विकास की, योजना थी विला 31- विला अर्जेन्टीनियाई बदजबान में झुग्गी के लिए इस्तेमाल होता है- को या मोहल्ले (*barrio*) में तब्दील करने की।

विला 31, ब्युएनो सायरिस के सबसे दिलचस्प, संपन्न और जीवंत प्रतिवेशों में से एक है। यह इटली के सिएना जैसे मध्यकालीन उपनिवेशों के गुणों और पैमाने पर है जहाँ पर्यटकों का जमघट लगा रहता है। यहाँ बच्चों की दौड़-भाग और खेल, गलियों में वो जान और उत्साह पैदा करती है जो न्यूयॉर्क और मेलबर्न जैसे शहर अपने प्ले स्ट्रीट पहल द्वारा हासिल करने की उम्मीद रखते हैं। साइकिल चालकों और पैदल यात्रियों की हलचल, इस विला के परिवहन प्रतिशत भाग (मोडल स्प्लिट) को ब्युएनो सायरिस के अन्य मोहल्लों के मुक़ाबले कोपेनहेगन जैसे परिवहन पथ-प्रदर्शक शहरों के अनुरूप बनाती है।

हालांकि हमें सावधानी बरतनी चाहिए कि इन गुणों को मिसाल या आदर्श का दर्जा ना दिया जाए।

शहर के सबसे धनी इलाक़े के निकट स्थित, विला 31, अर्जेंटीना की गहरी सामाजिक व आर्थिक असमानताओं का एक दर्दनाक अनुस्मारक है। हालांकि अधिकांश शहर एक प्रबुद्ध महानगर के रूप में प्रतिष्ठित है, शहर की 37 प्रतिशत बस्तियों के 8000 घरों में रसोई की कमी है जबकि इनमें से एक चौथाई में शौचालय नहीं है। कुछ निवासी गंदी सड़कों पर चलने के लिए जूते या चप्पल की एक अतिरिक्त जोड़ी रखते हैं, और कुछ गलियारे इतने संकीर्ण हैं कि वे सैकड़ों परिवारों को आपातकालीन वाहनों की पहुंच से बाहर रखते हैं। ज्यादातर घरों में पीने योग्य पानी नहीं है और ना ही वे सीवेज नेटवर्क से जुड़े हैं। बिजली, अनौपचारिक कनेक्शन के असुरक्षित माध्यम से उपलब्ध है जिसके परिणामस्वरूप इलेक्ट्रोक्यूशन जैसी घातक घटनाएँ हो चुकी हैं। अधिकांश घर अति संकुलित हैं जिससे भीतरी हवा की गुणवत्ता अपर्याप्त हो चुकी है। यद्यपि विला एक ट्रांज़िट हब के निकट है, यह किसी भी प्रकार के परिवहन मार्ग पर नहीं है। वहीं पैदल यात्रियों की पहुँच बची-खुची सड़कों पर कुछ गुटों के नियंत्रण द्वारा सीमित हो चुकी है।

80 साल की उपेक्षा के बाद, स्थानीय नगरपालिका ने इस चुनौती से निपटने और विला 31 में अपनी पहुंच, सेवाओं और बुनियादी ढांचे का विस्तार करने का निर्णय लिया है। उद्देश्य है, विला में जीवन की गुणवत्ता को उस स्तर तक लाना जितना शेष शहर में है। यह विशाल और जटिल कार्य, युवा आर्किटेक्ट, अभियंताओं, समाजशास्त्रियों और सार्वजनिक नीति पेशेवरों की एक प्रेरित टीम के नेतृत्व में किया जा रहा है। **गेल** को इस टीम में शामिल किया गया है ताकि वह सतत गतिशीलता और सार्वजनिक स्थान की महत्वता पर जोर देते हुए शहरी डिजाइन के माध्यम से परियोजना के सामाजिक मिशन को आगे बढ़ा सके।

हमारे कार्य के रूप में हमने उन सात मौहल्लों में सार्वजनिक जीवन का अध्ययन किया जो ब्युएनो सायरिस की विविधता का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसके अतिरिक्त हमने सार्वजनिक आउटरीच टीम से सीखा जो निवासियों के साथ लगभग दो वर्षों से काम कर रहे थे। हमारे निष्कर्षों से पता चला कि विला ने 'शहरी जीवंतता' और 'सतत गतिशीलता' के महत्वपूर्ण मापदण्डों पर शहर के समृद्ध हिस्सों से बेहतर प्रदर्शन किया। हमने अपने अध्ययन में पाया कि बकाया छह इलाकों के मुकाबले, विला 31 की गलियों में अधिक लोग चल रहे हैं, साइकिल का इस्तेमाल कर रहे हैं, और अपना वक़्त लोगों के साथ घुलने-मिलने व खेलने में व्यतीत कर रहे हैं।

हमें यह भी आभास हुआ कि सरकार के हस्तक्षेप से पूर्व बसाई गई एवं निर्मित की गई इन बस्तियों की तुलना में सरकारी सब्सिडी वाले सामाजिक आवास परियोजनाओं ने (सुरक्षा, निश्चितता और स्वास्थ्य के संदर्भ में) खराब परिणाम प्रदान किए थे ।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि इस क्षेत्र में सार्वजनिक सेवाओं का विस्तार करने की तत्काल आवश्यकता है। दशकों से विला 31 के निवासियों ने बुनियादी ढांचे और सरकारी उपस्थिति की मांग की है। इसके बावजूद हमने समुदाय में जितना अधिक समय बिताया, उतना ही हमें मोहल्ले के लोगों द्वारा बनाए गए शहरी ढांचे की अहमियत का आभास हुआ। इन परिवारों को कई पहलुओं में गंभीर अभाव का सामना करना पड़ता है, परन्तु इस कमी के बीच, उनके द्वारा निर्मित मोहल्ले कुछ ऐसे खास गुण प्रदान करते हैं, जो कई विशेषाधिकृत शहर पाने की कोशिश में लगे हैं। उदहारण के तौर पर, पैदल चलने योग्य सड़कें एवं जीवंत सार्वजनिक जीवन।


एक उत्साही एवं समर्पित टीम के साथ कार्य करते हुए **गेल** द्वारा, एक लम्बे अरसे से आत्मनिर्भर इस मोहल्ले को औपचारिक परिवेश से जोड़ने के लिए रणनीतियाँ तैयार की गई। समुदाय को भौगौलिक रूप से अधिक सुगम बनाने का यह लक्ष्य, विला को शहर के सामाजिक और वित्तीय ढाँचे में औपचारिक रूप से सम्मिलित करने का पूरक है। हमने गलियों एवं जगहों को डिजाइन करने में मदद इस उद्देश्य से प्रदान की, कि समुदाय के अंतर्गत स्तिथ सूक्ष्म समुदाय (Micro communities) एक-दूसरे से जुड़ सकें। हमारा उद्देश्य यह धारणा पुष्ट करना भी था कि सार्वजनिक क्षेत्र और जीवन वास्तव में ज़िले का जीवनबोध है।

जैसे-जैसे हमारा डिजाइन विकसित हुआ, हमें वैसे-वैसे पुनर्विकास के खतरों का एहसास हुआ। आधुनिक इमारतों के मानकों का पालन करने का मतलब होता सड़कों को चौड़ा करना, उद्यमशीलता या व्यावसायिकता को सीमित करना और संभवत: निर्माण लागत में वृद्धि करना। बिल्डिंग कोड को अमल करने का मतलब होता समुदाय द्वारा अपनी सबसे शक्तिशाली विशेषताओं से हाथ धो बैठना।

विला 31 के असली आर्किटेक्ट इसके निवासी हैं और उनके द्वारा निर्मित बस्तियों के गुणों को पेशेवर आर्किटेक्ट द्वारा संरक्षित करने की आवश्यकता है। (यहां, स्थानीय कलाकार फ़र्नांडो नेयरा द्वारा सचित्र किए गए शीर्ष पांच डिजाइन सबक हैं जो हमने विला 31 से सीखे।)

**निकटता के मायने**

शहर के मुख्य पारगमन हब (ट्रांजिट हब) के पास सार्वजनिक जमीन पर निवासियों द्वारा निर्मित विला 31 ने प्रवासियों और निम्न आय वाले परिवारों को कुछ ऐसा प्रदान किया है जो न तो अर्थ-व्यवस्था और न ही सरकारी योजनाएं प्रदान कर पाई हैं- वह है शहर द्वारा मुहय्या करवाए गए रोजगार (कार्यस्थल), सेवाओं और सुविधाओं की निकटता में रहने का अवसर। संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोप की तरह, अर्जेंटीना में रोजगार केंद्रों के निकट किफायती आवास की एक अतृप्त या असंतुष्ट मांग है। दुर्भाग्यवश, सार्वजनिक आवास सहित किफायती आवास की आपूर्ति अक्सर परिधि (periphery) के आवासीय क्षेत्रों तक सीमित होती है जहां पर्याप्त रोजगार और सार्वजनिक परिवहन की कमी होती है। फलस्वरूप निवासियों के अवसर सीमित हो जाते हैं और वे निरर्थक सफर पर बहुमूल्य समय को बर्बाद करने के लिए मजबूर होते हैं।



**एक प्रतिवेश सघन और ह्यूमन-स्केल दोनों हो सकता है**

गगनचुंबी इमारतों और आठ-लेन के रास्ते पर तेजी से बढ़ते ट्रैफिक वाले शहर में, विला की संकीर्ण गलियाँ और सघन रूप शहरी जीवन के शोर और हलचल पर एक अल्प विराम लगाती हैं। हालांकि विला 31 शहर के सबसे सघन मोहल्लों में से एक है, यहाँ की अधिकाँश इमारतें पांच-मंज़िले से नीचे हैं। यहां गलियों की चौड़ाई 3 से लेकर 16 मीटर तक है जो एक सुखद माइक्रॉक्लाइमेट वाले सड़कों के नेटवर्क को जन्म देती है। संकीर्ण इमारतों के सक्रिय भू-फर्श (active ground floor) और खुले बालकनियों द्वारा गठित घने ब्लॉक सुनिश्चित करते हैं कि सड़कों पर हमेशा नज़रें होती हैं। एक ग्रिड के अनुरूप होने के बजाय, गलियां इमारतों से घूमती हुई ऐसी गुज़रती हैं कि उनका एक नेटवर्क बनता है जो इलाके के विभिन्न नजारे व परिवेश को प्रकट करता है। गलियारों की घटती बढ़ती चौड़ाई एक अनियमतता को जन्म देती है जिससे छोटे प्लाज़ा या एकत्रित होने के जगह पनपते हैं। ये संकीर्ण गलियाँ समानांतर मुख्य सड़कों के बीच एक शॉर्टकट का कार्य करती हैं, जिससे पैदल यात्रियों को वाहनों की तुलना में छोटे और सीधे रास्तों की अनुमति मिलती है।



**गलियाँ सुखद और सुरक्षित सार्वजनिक स्थान हो सकते हैं**

संकीर्ण सड़कों और गतिविधियों का एक सतत प्रवाह गाड़ियों की रफ़्तार को विला के भीतर अत्यंत सीमित कर देता है। ट्रैफिक की धीमी गति एक ऐसे सामाजिक वातावरण को जन्म देती है जो मोटर-गाड़ियों के तेज़ रफ़्तार के लिए बनाए गए शहर की तुलना में अधिक सुरक्षित और शांत है। विला की सड़कें मिलने की जगह बन जाती हैं- आकस्मिक विनिमयों और नित्य भेंटों का स्थान। वयस्कों की निगरानी में सही, पर छोटी उम्र से ही बच्चे अपने घर के बाहर बेफिक्र खेलते हुए देखे जा सकते हैं। विला की सड़कों से गुज़रते हुए, आप परिवारों को अपने पड़ोसियों के साथ बात करने या बच्चों को खेलता देखने के लिए घर के सामने अपनी कुर्सियां खींचते हुए भी देख सकते हैं। आप देख सकते हैं वृद्ध निवासियों को अपने घर की खिड़की या बालकनी से राहगीरों से बातचीत करते हुए। विला की एक निचली मंज़िल की इकाई बुज़ुर्ग व्यक्तियों को स्वतन्त्र रूप से अपना जीवन निर्वाह करने की अनुमति देती है और समुदाय के साथ घुलने मिलने की भी।



**अनुकूलनीय वास्तुकला आर्थिक अवसर पैदा करती है**

विला के घर निवास स्थान से ज्यादा हैं - वे आर्थिक प्रगति का मंच भी हैं। एक आप्रवासी परिवार दो-कमरे वाले एक-मंज़िला घर से शुरूआत कर सकता है। एक फाटक या खिड़की जो सड़क के सामने खुलती हो, उन्हें छोटी दुकान शुरू करने के लिए पर्याप्त है। उद्यमशीलता के प्रयोगों का परीक्षण बिना किसी कमर्शियल स्थान के किराए या जोखिम के किया जा सकता है। यदि व्यवसाय असफल भी हो तो उसी स्थान पर एक नए और बेहतर व्यवसायिक विचार में परिवर्तित किया जा सकता है। यदि व्यापार सफल होता है, तो उसे पूरी पहली मंजिल में विस्तारित किया जा सकता है, जबकि व्यवसाय की आमदनी से एक दूसरी मंज़िल को खड़ा किया जा सकता है । वहीं एक अलग प्रवेश वाले तीसरे मंज़िल को चचेरे भाई या किरायेदार या उसके साथी के लिए एक अपार्टमेंट में तब्दील किया जा सकता है। अतः घरों को लगातार अनुकूलनशील बनाया जा रहा है, बदला जा रहा है: परिवार के बढ़ने से इसे विभाजित किया जा सकता है, या किसी सदस्य के बाहर जाने से इसे किराए पर चढ़ाया जा सकता है। चूँकि विला के अत्यधिक निवासी औपचारिक बैंकिंग प्रणाली के दायरे से बाहर हैं, एक बड़ा घर दोनों बचत और आमदनी का जरिया बन जाता है। समय के साथ, एक सफल व्यवसाय पुरे मोहल्ले के लिए एक जनसाधारण संपत्ति का काम करती है, जो पैदल दूरी में ही लोगों की ज़रूरतों को पूरा करती है। आज विला 31 में हर पांच घरों में से एक में व्यवसाय होता है। एक ही संकरी गली में एक उत्पाद बाजार, एक इंटरनेट कैफे, नाई, धोबी, खाने की दुकान और दंत चिकित्सक कार्यालय मौजूद हैं। इनमें से प्रत्येक व्यवसाय निवासियों के प्रबल उद्यमशीलता की गवाही पेश करता है।




**व्यक्तित्व जगह को आकर देता है**

पारंपरिक सार्वजनिक-आवास परियोजनाएं (public housing projects) लोगों को एक नियमित और सामान्य मॉड्यूल में बांधती हैं, जिससे आवास मात्र पूर्वानुमानित आकार प्रतीत होते हैं जो क्रमबद्ध पंक्तियों में दोहराये जाते हैं। घरों के बाहरी हिस्सों में निजीकृत फेरबदल का समर्थन नहीं किया जाता या निषिद्ध किया जाता है क्योंकि उन्हें आर्किटेक्चरल परिकल्पना की शुद्धता के उलटे कदम के रूप में देखा जाता है। परन्तु अखंड सौंदर्यवादी विचारों से मुक्त विला, लोगों को अपने व्यक्तित्व को घरों द्वारा दर्शाने की अनुमति देता है। विला की सिर्फ एक चौकस सैर और आपको आभास होगा है कि लोगों को अपने घरों पर कितना गुरूर है, घर के रंग से लेकर सामग्री तक का चुनाव लोग अपने पसंदानुसार करते हैं। विला की शांत सड़क पर, एक परिवार अपने

हाथ से पेंट किये हुए टाइल को रखता है जिसपर घर का नाम और पता लिखा हुआ है; यह रंगीन घर इससे गुज़र रहे लोगों को इसमें गर्व से रह रहे लोगों की याद दिलाता है।



**एक नया परिप्रेक्ष्य**

दशकों से निवासियों ने परिवर्तन की मांग की है। आज, सरकार द्वारा लाये गए सुधारों का लोग स्वागत कर रहे हैं। अभाव और ज़रुरत से जन्मी परिस्थितियों को मिसाल या आदर्श के रूप में ना देखने की अनिवार्यता को जितना दोहराया जाए उतना कम है। हालांकि, विला के मूल्यों और गुणों को बुलंद करने की भी उतनी ही आवश्यकता है ताकि पुनर्विकास वाले मोहल्लों में इन्हे बरकार रखा जा सके और अन्य विकास परियोजनाओं के लिए उनसे सबक ली जा सके।

उन सामाजिक संरचनाओं का सम्मान करते हुए जिन्होंने प्रतिकूल परिस्थितियों में समुदाय को मजबूत रहने की अनुमति दी है, नए निवेश को वास्तविक जरूरतों पर निर्देशित किया जाना चाहिए। हमारा मानना है कि विला की कार्यस्थल से निकटता, अनुकूलनीय वास्तुकला, चलने योग्य सघन गलियाँ और निचले मंज़िल की सक्रियता, निवासियों के बीच मज़बूत सामाजिक संबंधों और उनके द्वारा बसाए गए उल्लेखनीय संरचनाओं दोनों में बड़ा योगदान प्रदान करता है। लैटिन अमेरिका और अन्य जगहों में सार्वजनिक आवास के निर्माण में लगे आर्किटेक्ट्स, विला 31 जैसे स्वनिर्मित समुदायों को समझकर और इनसे सीख कर निवासियों को एक बड़ी सेवा प्रदान कर सकते हैं। शहर के नेताओं को विला जैसे स्थानों द्वारा प्रस्तुत किये गए विरोधाभास को गले लगाने की जरूरत है। इन शहरी स्थानों को सार्वजनिक समर्थन की आवश्यकता है जो उस मूलभूत जीवन को अत्यधिक नियंत्रित न करें जो सार्वजनिक समर्थन की अनुपस्थिति में खिला है।

**Original article by- Jeff Risom, Mayra Madriz**

**Illustrations by- Fernando Neyra**

**Translated by- Swati Pathak**